सत्यमेव जयते

भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CULTURE
NATIONAL MONUMENTS AUTHORITY

फाजिलनगर का कोट के रूप में जाना जाने वाला प्राचीन स्थल, जिला-कुशीनगर, उत्तर प्रदेश, जिसमें सर्वेक्षण भूखंड संख्या 766, 782 और सर्वेक्षण भूखंड संख्या 757, 758 और 759 का भाग शामिल है के लिए धरोहर उप-विधि

Heritage Bye-Laws for Ancient Site known as Fazilnagar Ka Kot comprised in survey plot Nos 766, 782 and part of survey plot Nos 757, 758 and 759, District-Kushinagar, Uttar Pradesh

फाजिलनगर का कोट के रूप में जाना जाने वाला प्राचीन स्थल, जिला-कुशीनगर, उत्तर प्रदेश, जिसमें सर्वेक्षण भूखंड संख्या 766, 782 और सर्वेक्षण भूखंड संख्या 757, 758 और 759 का भाग शामिल है के लिए धरोहर उप-विधि

Heritage Bye-Laws for Ancient Site known as Fazilnagar Ka Kot comprised in survey plot Nos 766, 782 and part of survey plot Nos 757, 758 and 759, District-Kushinagar, Uttar Pradesh

विषय-सूची

अध्याय I प्रारंभिक		
1.1	संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ	1-2
1.2	परिभाषाएं	2-4
अध्याय II प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (एएमएएसआर) अधिनियम,1958, यथा संशोधित की पृष्ठभूमि		
2.1	अधिनियम की पृष्ठभूमि	5
2.2	धरोहर उप-विधियों से संबंधित अधिनियम के उपबंध	5
2.3	आवेदक के अधिकार और जिम्मेदारियां	5-6
अध्याय III संरक्षित संस्मारक – "फाजिलनगर का कोट के रूप में जाना जाने वाला प्राचीन स्थल, जिला-कुशीनगर, उत्तर प्रदेश, जिसमें सर्वेक्षण भूखंड संख्या 766, 782 और सर्वेक्षण भूखंड संख्या 757, 758 और 759 का भाग शामिल है का स्थान एवं अवस्थिति"		
3.1	संस्मारक का स्थान एवं अवस्थिति	7
3.2	संस्मारक की संरक्षित सीमा	8
	3.2.1 एएसआई रिकॉर्ड के अनुसार अधिसूचना मानचित्र/योजना	8
3.3	संस्मारक का इतिहास	8
3.4	संस्मारक का विवरण (वास्तुशिल्प विशेषताएं, तत्व, सामग्री आदि)	8
3.5	वर्तमान स्थिति	8
	3.5.1 संस्मारक की स्थिति- स्थिति का आकलन	8
	3.5.2 दैनिक आगंतुकों की संख्या और कभी-कभी एकत्रित होने वाले आगंतुकों की संख्या	9
अध्याय IV स्थानीय क्षेत्र विकास योजनाओं में विद्यमान क्षेत्रीकरण, यदि कोई हो		
4.1	विद्यमान क्षेत्रीकरण	10
4.2	स्थानीय निकायों के मौजूदा दिशा-निर्देश	10
अध्याय V प्रथम अनुसूची एवं कुल स्टेशन सर्वेक्षण के अनुसार सूचना		
5.1	संस्मारक की सर्वेक्षण योजना	11
5.2	सर्वेक्षित आंकड़ो का विश्लेषण	11
	5.2.1 प्रतिषिद्ध क्षेत्र और विनियमित क्षेत्र का विवरण और उनकी मुख्य विशेषताएं	11
	5.2.2 निर्मित क्षेत्र का विवरण	11-12
	5.2.3 हरित/खुले स्थानों का विवरण	12
	5.2.4 परिसंचरण के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र - सड़कें, फुटपाथ, आदि	12

	5.2.5 भवनों की मौजूदा ऊंचाई (क्षेत्रवार)	13
	5.2.6 राज्य संरक्षित संस्मारक और सूचीबद्ध धरोहर भवन	13
	5.2.7 सार्वजनिक सुविधाएं	13
	5.2.8 संस्मारक तक जाने की सुगमता	13
	5.2.9 अवसरंचनात्मक सेवाएं	13
	5.2.10 स्थानीय निकायों के दिशानिर्देशों के अनुसार क्षेत्र का प्रस्तावित ज़ोनिंग	13
अध्याय VI **संस्मारकों का वास्तुकला, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व**		
6.1	संस्मारक का वास्तुकला, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व	14
6.2	संस्मारक की संवेदनशीलता	14
6.3	संरक्षित संस्मारक या क्षेत्र से दृश्यता और विनियमित क्षेत्र से दृश्यता	14-15
6.4	पहचान किया जाने वाला भूमि उपयोग	15
6.5	संरक्षित संस्मारक के अलावा अन्य पुरातात्विक धरोहर अवशेष	15
6.6	सांस्कृतिक परिदृश्य	15
6.7	महत्वपूर्ण प्राकृतिक भू-दृश्य	15
6.8	खुले स्थान और भवनों का उपयोग	15
6.9	पारंपरिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गतिविधियां	15
6.10	संस्मारक और विनियमित क्षेत्रों से दिखाई देने वाला क्षितिज	15
6.11	पारंपरिक वास्तुकला	16
6.12	स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा यथा उपलब्ध विकास योजना	16
6.13	भवन संबंधी मानदंड	16
	6.13.1 मरम्मत एवं नवीनीकरण (प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र में)	16
	6.13.2 पुनर्निर्माण	16-17
	6.13.3 नया निर्माण	17-18
6.14	आगंतुकों की सुविधाएं और साधन	19
अध्याय VII **कार्य-स्थल विशिष्ट संस्तुतियां**		
7.1	कार्य-स्थल विशिष्ट संस्तुतियां	20
7.2	अन्य संस्तुतियां	20

CONTENTS

	CHAPTER I **Preliminary**	
1.1	Short title, Extent and Commencements	21
1.2	Definitions	22-23
	CHAPTER II **Background of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains (AMASR) Act, 1958, as amended**	
2.1	Background of The Act	24
2.2	Provisions of the Act related to Heritage Bye-laws	24
2.3	Rights and Responsibilities of the Applicant	24-25
	CHAPTER III **Location and Setting of the Protected Monument — "Ancient Site known as Fazilnagar Ka Kot comprised in survey plot Nos 766, 782 and part of survey plot Nos 757, 758 and 759, District-Kushinagar, Uttar Pradesh"**	
3.1	Location and Setting of the Monument	26
3.2	Protected boundary of the Monument	27
	3.2.1 Notification Map/ Plan as per ASI records	27
3.3	History of the Monument	27
3.4	Description of the Monument (architectural features, elements, materials etc.)	27
3.5	Current Status	27
	3.5.1 Condition of the Monument - condition assessment	27
	3.5.2 Daily footfalls and occasional gathering numbers	27
	CHAPTER IV **Existing Zoning, if any, in the Local Area Development Plans**	
4.1	Existing Zoning	28
4.2	Existing Guidelines of the local bodies	28
	CHAPTER V **Information as per First Schedule and Total Station Survey**	
5.1	Survey Plan	29
5.2	Analysis of surveyed data	29
	5.2.1 Prohibited Area and Regulated Area details	29
	5.2.2 Description of built up area	29
	5.2.3 Description of green/open spaces	30
	5.2.4 Area covered under circulation- roads, footpaths etc	30
	5.2.5 Existing Heights of buildings	30-31
	5.2.6 State protected monument(s) and listed Heritage Building	31
	5.2.7 Public Amenities	31
	5.2.8 Access to the Monument	31
	5.2.9 Infrastructure services	31
	5.2.10 Proposed zoning of the area as per Local Bodies	31
	CHAPTER VI **Architectural, Historical and Archaeological Value of the Monuments**	
6.1	Architectural, historical and archaeological value of the Monument	32
6.2	Sensitivity of the Monument	32

6.3	Visibility from the Protected Monument or area and visibility from Regulated Area	32
6.4	Land-use to be identified	33
6.5	Archaeological heritage remains other than protected monument	33
6.6	Cultural landscapes	33
6.7	Significant natural landscapes	33
6.8	Usage of open space and constructions	33
6.9	Traditional, historical and cultural activities	33
6.10	Skyline as visible from the monument and from Regulated Areas	33
6.11	Traditional architecture	33
6.12	Developmental plan as available by the local authorities	33
6.13	Permissible Building related parameters	34
	6.13.1 Repair and Renovation (in Prohibited and Regulated area)	34
	6.13.2 Reconstruction	34
	6.13.3 New Construction	34-36
6.14	Visitors facilities and amenities	36
CHAPTER VII Site Specific Recommendations		
7.1	Site Specific Recommendations	37
7.2	Other Recommendations	37

Annexure		
अनुलग्नक-I Annexure-I	फाजिलनगर का कोट के रूप में जाना जाने वाला प्राचीन स्थल जिला-कुशीनगर, उत्तर प्रदेश, जिसमें सर्वेक्षण भूखंड संख्या 766, 782 और सर्वेक्षण भूखंड संख्या 757, 758 और 759 का भाग शामिल है की सर्वेक्षण योजना Survey Plan of Ancient Site known as Fazilnagar Ka Kot comprised in survey plot Nos 766, 782 and part of survey plot Nos 757, 758 and 759, District-Kushinagar, Uttar Pradesh, District-Kushinagar, Uttar Pradesh	38
अनुलग्नक-II Annexure-II	एएसआई अभिलेखों के अनुसार अधिसूचना मानचित्र-संरक्षित सीमाओं की परिभाषा Notification map as per ASI records-defination of Protection Boundaries	39-40
अनुलग्नक-III Annexure-III	फाजिलनगर का कोट के रूप में जाना जाने वाला प्राचीन स्थल जिला-कुशीनगर, उत्तर प्रदेश, जिसमें सर्वेक्षण भूखंड संख्या 766, 782 और सर्वेक्षण भूखंड संख्या 757, 758 और 759 का भाग शामिल है का अभिलेखीय मानचित्र Archival Map Showing Site Plan of Ancient Site known as Fazilnagar Ka Kot comprised in survey plot Nos 766, 782 and part of survey plot Nos 757, 758 and 759, District-Kushinagar, Uttar Pradesh	41
अनुलग्नक-IV Annexure-IV	संस्मारक और उसके आसपास का चित्र Images of the Monument and its Surroundings	42-48

भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (धरोहर उप-विधि विनिर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम 2011 के नियम (22) के साथ पठित प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958, यथा संशोधित, की धारा 20ङ द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संरक्षित संस्मारक - **"फाजिलनगर का कोट के रूप में जाना जाने वाला प्राचीन स्थल, जिला-कुशीनगर, उत्तर प्रदेश, जिसमें सर्वेक्षण भूखंड संख्या 766, 782 और सर्वेक्षण भूखंड संख्या 757, 758 और 759 का भाग शामिल है"** के लिए निम्नलिखित धरोहर उप-विधि, जिन्हें भारतीय प्रौद्यौगिकी संस्थान, (बी॰ एच॰ यू॰) वाराणसी, के परामर्श से सक्षम प्राधिकारी द्वारा तैयार किया गया है, को राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तें और कार्य प्रणाली), नियम, 2011 के नियम 18 के उप नियम (2) द्वारा यथा अपेक्षित जनता से आपत्ति या सुझाव आमंत्रित करने के लिए एतद्वारा 01.10.2020 को प्रकाशित किया गया था।

यथा विनिर्दिष्ट दिनांक से पहले प्राप्त आपत्ति/सुझावों पर सक्षम प्राधिकारी के परामर्श से राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण द्वारा विधिवत विचार किया गया है।

इसलिए, अब प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958, यथा संशोधित, की धारा 20ङ की उप-धारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण, निम्नलिखित उप-विधि बनाता है, नामत:

"फाजिलनगर का कोट के रूप में जाना जाने वाला प्राचीन स्थल, जिला-कुशीनगर, उत्तर प्रदेश, जिसमें सर्वेक्षण भूखंड संख्या 766, 782 और सर्वेक्षण भूखंड संख्या 757, 758 और 759 का भाग शामिल है" के लिए धरोहर उप-विधि

अध्याय I

प्रारंभिक

1.1 संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ:-

(i) इन उप-विधियों को **"फाजिलनगर का कोट के रूप में जाना जाने वाला प्राचीन स्थल, जिला-कुशीनगर, उत्तर प्रदेश, जिसमें सर्वेक्षण भूखंड संख्या 766, 782 और सर्वेक्षण भूखंड संख्या 757, 758 और 759 का भाग शामिल है"** के लिए राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण धरोहर उप-विधि, 2024 कहा जाएगा।

(ii) ये संस्मारक के सम्पूर्ण प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र तक लागू होंगी।

(iii) इन उप-विधियों के प्रावधान किसी भी अन्य उप-विधि में निहित असंगतता के बावजूद प्रभावी

होंगे, चाहे इन उप-विधियों के प्रारंभ होने से पहले या बाद में बनाए गए हों, या किसी

उप-विधि के आधार पर प्रभावी होने वाले किसी भी दस्तावेज़ में हों। इन उप-विधियों को किसी अन्य उप-विधि के अनुरूप बनाने के लिए इनमें संशोधन करना अनिवार्य नहीं होगा।

(iv) ये अधिकारिक राजपत्र में उनके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगी।

1.2 परिभाषाएं:-

(1) इन उप-विधियों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, अधिनियम अथवा इसके तहत बनाए गए नियमों के तहत दिए अनुसार परिभाषाएं सुविधा की दृष्टि से यहां पुन: लिखी गई हैं:-

(क) "प्राचीन संस्मारक" से कोई संरचना, रचना या संस्मारक, या कोई स्तूप या स्थान या दफ़नगाह या कोई गुफा, शैल-मूर्ति, शिला-लेख या एकाश्मक जो ऐतिहासिक, पुरातत्वीय या कलात्मक रुचि का है और जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्यमान है, अभिप्रेत है, और इसके अंतर्गत हैं -

(i) किसी प्राचीन संस्मारक के अवशेष,

(ii) किसी प्राचीन संस्मारक का स्थल,

(iii) किसी प्राचीन संस्मारक के स्थल से लगी हुई भूमि का ऐसा भाग जो ऐसे संस्मारक को बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने के लिए अपेक्षित हो, तथा

(iv) किसी प्राचीन संस्मारक तक पहुंचने और उसके सुविधाजनक निरीक्षण के साधन;

(ख) "पुरातत्वीय स्थल और अवशेष" से कोई ऐसा क्षेत्र अभिप्रेत है, जिसमें ऐतिहासिक या पुरातत्वीय महत्व के ऐसे भग्नावशेष या अवशेष हैं या जिनके होने का युक्तियुक्त रूप से विश्वास किया जाता है, जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्यमान है, और इनके अंतर्गत हैं-

(i) उस क्षेत्र से लगी हुई भूमि का ऐसा भाग जो उसे बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने के लिए अपेक्षित हो, तथा

(ii) उस क्षेत्र तक पहुंचने और उसके सुविधाजनक निरीक्षण के साधन;

(ग) "अधिनियम" से आशय प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 (1958 का 24), यथा संशोधित है;

(घ) "पुरातत्व अधिकारी" से भारत सरकार के पुरातत्व विभाग का कोई ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् से निम्नतर पद (श्रेणी) का नहीं है;

(ड.) ''प्राधिकरण'' से अधिनियम की धारा 20च के अधीन गठित राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(च) "सक्षम प्राधिकारी" से केंद्र सरकार या राज्य सरकार के पुरातत्व निदेशक या पुरातत्व आयुक्त की श्रेणी से नीचे न हो या समतुल्य श्रेणी का ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का पालन करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, सक्षम प्राधिकारी के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हो;

बशर्ते कि केंद्र सरकार सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, धारा 20ग, 20घ और 20ङ के प्रयोजन के लिए भिन्न भिन्न सक्षम प्राधिकारी विनिर्दिष्ट कर सकेगी;

(छ) ''निर्माण'' से किसी संरचना या भवन का कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसके अंतर्गत उसमें ऊर्ध्वाकार या क्षैतिजीय कोई परिवर्धन या विस्तारण भी है, किन्तु इसके अंतर्गत किसी विद्यमान संरचना या भवन का कोई पुन:निर्माण, मरम्मत और नवीकरण या नालियों और जलनिकास सुविधाओं तथा सार्वजनिक शौचालयों, मूत्रालयों और इसी प्रकार की सुविधाओं का निर्माण, अनुरक्षण और सफाई या जनता के लिए जलापूर्ति की व्यवस्था करने के लिए आशयित सुविधाओं का निर्माण और अनुरक्षण या जनता के लिए विद्युत की आपूर्ति और वितरण के लिए निर्माण या अनुरक्षण, विस्तारण, प्रबंध या जनता के लिये इसी प्रकार की सुविधाओं के लिए व्यवस्था शामिल नहीं हैं;

(ज) ''तल क्षेत्र अनुपात (एफ.ए.आर.)'' से आशय सभी तलों के कुल आवृत्त क्षेत्र का (पीठिका क्षेत्र) भूखंड (प्लाट) के क्षेत्रफल से भाग करके प्राप्त होने वाले भागफल से अभिप्रेत है;

तल क्षेत्र अनुपात = भूखंड क्षेत्र द्वारा विभाजित सभी तलों का कुल आवृत्त क्षेत्र;

(झ) "सरकार" से आशय भारत सरकार से है;

(ञ) अपने व्याकरणिक रूपों और सजातीय पदों सहित "अनुरक्षण" के अंतर्गत हैं किसी संरक्षित संस्मारक को बाड़ से घेरना, उसे आच्छादित करना, उसकी मरम्मत करना, उसका पुनरूद्धार करना और उसकी सफाई करना, और कोई ऐसा कार्य करना जो किसी संरक्षित संस्मारक के परिरक्षण या उस तक सुविधाजनक पहुंच को सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक है;

(ट) "स्वामी" के अंतर्गत हैं-

(i) संयुक्त स्वामी जिसमें अपनी ओर से तथा अन्य संयुक्त स्वामियों की ओर से प्रबंध करने की शक्तियाँ निहित हैं और किसी ऐसे स्वामी के हक-उत्तराधिकारी, तथा

(ii) प्रबंध करने की शक्तियों का प्रयोग करने वाला कोई प्रबंधक या न्यासी और ऐसे किसी प्रबंधक या न्यासी का पद में उत्तराधिकारी;

(ठ) "विहित" से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियम अभिप्रेत है;

(ड) "प्रतिषिद्ध क्षेत्र" से धारा 20क के अधीन प्रतिषिद्ध क्षेत्र के रूप में विनिर्दिष्ट क्षेत्र या घोषित किया गया कोई क्षेत्र अभिप्रेत है;

(ढ़) "संरक्षित क्षेत्र" से कोई ऐसा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(ण) "संरक्षित संस्मारक" से कोई ऐसा प्राचीन संस्मारक अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(त) "विनियमित क्षेत्र" से धारा 20ख के अधीन विनिर्दिष्ट या घोषित किया गया कोई क्षेत्र अभिप्रेत है;

(थ) "पुन: निर्माण" से किसी संरचना या भवन का उसकी पूर्व विद्यमान संरचना में ऐसा कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसकी क्षैतिजीय और ऊर्ध्वाकार सीमाएं समान हैं;

(द) "मरम्मत और पुनरुद्धार" से किसी पूर्व विद्यमान संरचना या भवन के परिवर्तन अभिप्रेत हैं, किन्तु इसके अंतर्गत निर्माण या पुन: निर्माण नहीं होंगे।

(2) इसमें प्रयुक्त और परिभाषित नहीं किए गए शब्दों और अभिव्यक्तियों का आशय वही अर्थ होगा जैसा अधिनियम अथवा इसके तहत बनाए गए नियमों में समनुदेशित किया गया है।

अध्याय II

प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (एएमएएसआर) अधिनियम,1958, यथा संशोधित की पृष्ठभूमि

2.1 अधिनियम की पृष्ठभूमि:

धरोहर उप-विधियों का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित संस्मारकों की सभी दिशाओं में 300 मीटर के अंदर भौतिक, सामाजिक और आर्थिक दखल के बारे में मार्गदर्शन देना है। 300 मीटर के क्षेत्र को दो भागों में बॉटा गया है (i) **प्रतिषिद्ध क्षेत्र,** यह क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र अथवा संरक्षित संस्मारक की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में 100 मीटर की दूरी तक फैला है और (ii) **विनियमित क्षेत्र,** यह क्षेत्र प्रतिषिद्ध क्षेत्र की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में 200 मीटर की दूरी तक फैला है।

अधिनियम के उपबंधों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति संरक्षित क्षेत्र और प्रतिषिद्ध क्षेत्र में किसी प्रकार का निर्माण अथवा खनन का कार्य नहीं कर सकता जबकि ऐसा कोई भवन अथवा संरचना जो प्रतिषिद्ध क्षेत्र में 16 जून,1992 से पूर्व मौजूद था अथवा जिसका निर्माण बाद में महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की अनुमति से हुआ था, विनियमित क्षेत्र में किसी भवन अथवा संरचना का निर्माण, पुन: निर्माण, मरम्मत अथवा पुनरुद्धार की अनुमति सक्षम प्राधिकारी से लेना अनिवार्य है।

2.2 धरोहर उप-विधियों से संबंधित अधिनियम के उपबंध:

प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958, यथा संशोधित, की धारा 20ङ और प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (धरोहर उप-विधियों का विनिर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम 2011 के नियम 22 में संरक्षित संस्मारकों के लिए उप-विधि बनाना विनिर्दिष्ट है। नियम में धरोहर उप-विधि बनाने के लिए मापदंडों का प्रावधान है। राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तें तथा कार्य निष्पादन) नियम, 2011, नियम 18 में प्राधिकरण द्वारा धरोहर उप-विधियों के अनुमोदन की प्रक्रिया विनिर्दिष्ट है।

2.3 आवेदक के अधिकार और जिम्मेदारियां:

प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958, यथा संशोधित, की धारा 20ग में प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मरम्मत और पुनरुद्धार अथवा विनियमित क्षेत्र में निर्माण अथवा पुनर्निर्माण अथवा मरम्मत अथवा नवीकरण के लिए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार आवेदन का ब्यौरा विनिर्दिष्ट है:

(क) कोई व्यक्ति जो किसी ऐसे भवन अथवा संरचना का स्वामी है जो 16 जून, 1992 से पहले प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मौजूद था अथवा जिसका निर्माण इसके उपरांत महानिदेशक के अनुमोदन से हुआ था तथा जो ऐसे भवन अथवा संरचना का किसी प्रकार की मरम्मत अथवा नवीकरण का काम कराना चाहता है तो वह ऐसी मरम्मत और नवीकरण, जैसा भी स्थिति हो, को कराने के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदन कर सकता है।

(ख) कोई व्यक्ति जो किसी विनियमित क्षेत्र में किसी भवन अथवा संरचना अथवा भूमि का स्वामी है और वह ऐसी भूमि पर ऐसे भवन अथवा संरचना अथवा का कोई निर्माण अथवा पुन: निर्माण अथवा मरम्मत अथवा नवीकरण जैसी भी स्थिति हो, करना चाहता है तो वह निर्माण अथवा पुन: निर्माण अथवा मरम्मत अथवा नवीकरण जैसी भी स्थिति हो, के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदन कर सकता है।

(ग) सभी संबंधित सूचना प्रस्तुत करने तथा राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा सदस्यों की सेवा की शर्तें और कार्य संचालन) नियम, 2011 के अनुपालन की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

अध्याय III

संरक्षित संस्मारकों/स्थलों/संस्मारकों -"फाजिलनगर का कोट के रूप में जाना जाने वाला प्राचीन स्थल, जिला-कुशीनगर, उत्तर प्रदेश, जिसमें सर्वेक्षण भूखंड संख्या 766, 782 और सर्वेक्षण भूखंड संख्या 757, 758 और 759 का भाग शामिल है" का स्थान एवं अवस्थिति

3.1 संस्मारक का स्थान एवं अवस्थिति:-

फाजिलनगर का कोट उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में कसिया तहसील के फाजिलनगर इलाके में स्थित एक प्राचीन टीला है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग-28 के उत्तर दिशा में मौजूद है जो उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर को बिहार के बरौनी शहर से जोड़ता है। इसके स्थानों के भौगोलिक निर्देशांक हैं: **अक्षांश 26°41'1.49" उत्तर: देशांतर 84°3'17.44" पूर्व।**

संरक्षित संस्मारक एक घने आवासीय क्षेत्र, दुकानों, एक निजी जल उपचार सयंत्र, मंदिरों, कब्रिस्तान, स्कूलों, एक बैंक, एक तालाब और टिन शेड से घिरा हुआ है। इसके अलावा, संस्मारक के संरक्षित क्षेत्र के भीतर, एक 'पीर' और मस्जिद (मज़ार) भी मौजूद हैं।

निकटतम हवाई अड्डा गोरखपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है जो संरक्षित संस्मारक से लगभग 68 किमी दूर स्थित है। निकटतम रेलवे स्टेशन गोरखपुर रेलवे स्टेशन है जो लगभग 80 किमी दूर स्थित है। यह महात्मा बुद्ध के अन्य तीन स्थानों-लुम्बिनी, गया और सांची से अच्छा सम्पर्क मार्ग प्रदान करता है।



चित्र 1: फाजिलनगर का कोट के रूप में जाना जाने वाला प्राचीन स्थल, फाजिलनगर, जिला-कुशीनगर, उत्तर प्रदेश, जिसमें सर्वेक्षण भूखंड संख्या 766, 782 और सर्वेक्षण भूखंड संख्या 757, 758 और 759 का भाग शामिल है के संरक्षित संस्मारक का स्थान दर्शाती सांकेतिक गूगल छवि

3.2 संस्मारक की संरक्षित सीमा:

संरक्षित संस्मारक - फाजिलनगर का कोट के रूप में जाना जाने वाला प्राचीन स्थल, फाजिलनगर, जिला-कुशीनगर, उत्तर प्रदेश, जिसमें सर्वेक्षण भूखंड संख्या 766, 782 और सर्वेक्षण भूखंड संख्या 757, 758 और 759 का भाग शामिल है, की सीमा **अनुलग्नक-I** में देखी जा सकती है।

3.2.1 एएसआई रिकॉर्ड के अनुसार अधिसूचना मानचित्र/योजना:

प्राचीन स्थल जिसे फाजिलनगर का कोट के नाम से जाना जाता है, जिला-कुशीनगर, उत्तर प्रदेश, जिसमें सर्वेक्षण भूखंड संख्या 766, 782 और सर्वेक्षण भूखंड संख्या 757, 758 और 759 का भाग शामिल है, की अधिसूचना को **अनुलग्नक-II** में संदर्भित किया गया है।

3.3 संस्मारकों/स्थल का इतिहास:

टीले के दो चरण हैं; पहला 5वीं-6वीं शताब्दी ई.पू. का है और दूसरा 1300-1500 ई.पू. का है। 5वीं शताब्दी ई.पू. की एक उत्कीर्ण टेराकोटा सीलन, परिसर का श्रेष्ठिग्राम या आधुनिक साथियान की बड़ी बस्ती के अग्रहार या ब्राह्मणवादी बस्ती के रूप में विवरण प्रदान करती है।

3.4 संस्मारक का विवरण (वास्तुशिल्प विशेषताएँ, तत्व, सामग्री, आदि):

यह टीला जमीन से 9 मीटर ऊँचा एक रेतीला पिंड है और इसका पश्चिमी भाग मूल रूप से 5 मीटर ऊँचा है। इसका आकार 120 मीटर x 80 मीटर है और ऐसा लगता है कि इसके दो चरण हैं, जो अलग-अलग अवधियों में विकसित हुए हैं। पहले चरण में, प्रवेश द्वार और जल निकासी छिद्र के साथ 1.5 मीटर चौड़ी ईंट की दीवार थी। परिसर के अंदरूनी हिस्सों को ईंटों से पक्का किया गया था। इसके ऊपर, जाहिर तौर पर 18.80 मीटर x 14.40 मीटर आकार का एक मंदिर का ढांचा था।

इसके अलावा, परिसर के उत्तरी प्रवेश द्वार के पास एक गोलाकार खुला चबूतरा था, जिसके बीच में दो वर्ग मीटर का एक बलि का गड्ढा या "कुंड" था, जिसे ईंटों से बनाया गया था, जिसका उद्देश्य यज्ञ और मन्नत भेंट चढ़ाना था।

3.5 वर्तमान स्थिति:

3.5.1 संस्मारकों की स्थिति- स्थिति का आकलन:

संरक्षित संस्मारक का रखरखाव और संरक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का एकमात्र अधिकार क्षेत्र है। संस्मारक की वर्तमान स्थिति को दर्शाने वाली तस्वीरें **अनुलग्नक-IV** में संलग्न हैं।

3.5.2 प्रतिदिन आने वाले और कभी-कभार एकत्रित होने वाले लागों की संख्या:

औसतन संस्मारक में प्रतिदिन 200 स्थानीय आगंतुक और 100-180 अंतर्राष्ट्रीय आगंतुक आते हैं। कार्य-स्थल के संरक्षित क्षेत्र के अंदर एक 'मज़ार' स्थित है, जहाँ प्रतिदिन औसतन 40-50 आगंतुक आते हैं। इसके अलावा, हर गुरुवार और शुक्रवार को लगभग 200-400 लोग मज़ार पर आते हैं। वार्षिक "उर्स" के दौरान आगंतुकों की संख्या बढ़ जाती है।

अध्याय IV

स्थानीय क्षेत्र विकास योजनाओं में विद्यमान क्षेत्रीकरण, यदि कोई हो

4.1 विद्यमान क्षेत्रीकरण:

किसी भी वर्तमान स्थानीय प्राधिकरण द्वारा कोई विकास योजना तैयार नहीं की गई है या सार्वजनिक कार्य-क्षेत्र में उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसलिए, संरक्षित संस्मारक के लिए विशेष रूप से निर्दिष्ट कोई मौजूदा क्षेत्रीकरण नहीं है। यह संस्मारक **'नगर पंचायत फाजिलनगर'** के अधिकार क्षेत्र में आता है।

4.2 स्थानीय निकायों के विद्यमान दिशा-निर्देश:

निर्माण के लिए सामान्य दिशा-निर्देश, **"उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973"** में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार **"विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008" (समय-समय पर संशोधित)** में उल्लिखित अनुसार लागू होंगे।

संरक्षित संस्मारकों के लिए प्रावधान **"विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि - 2008; संशोधित 2016, 2018 उपधारा - 3.1.9 (I) और (II)"** में उल्लिखित हैं, जो निर्दिष्ट करता है कि, केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित के रूप में नामित स्मारकों और विरासत स्थलों के लिए, पुरातात्विक स्मारकों/स्थलों की संरक्षित सीमा से 100 मीटर की परिधि (प्रतिषिद्ध क्षेत्र) के भीतर निर्माण और विकास की अनुमति नहीं है। इस प्रतिषिद्ध क्षेत्र से परे, 300 मीटर (विनियमित क्षेत्र) की दूरी तक निर्माण/विकास के लिए अनुमति **"प्राचीन संस्मारक और पुरातत्व स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958, यथा संशोधित"** के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त की जानी चाहिए।

अध्याय V

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अभिलेखों में परिभाषित सीमाओं के आधार पर प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों का प्रथम अनुसूची, नियम 21(1)/कुल स्टेशन सर्वेक्षण के अनुसार सूचना।

5.1 प्राचीन स्थल जिसे फाजिलनगर का कोट के नाम से जाना जाता है, जिला-कुशीनगर, उत्तर प्रदेश, जिसमें सर्वेक्षण भूखंड संख्या 766, 782 और सर्वेक्षण भूखंड संख्या 757, 758 और 759 का हिस्सा शामिल है, की सर्वेक्षण योजना:

सर्वेक्षण योजना **अनुलग्नक-I** में देखी जा सकती है।

5.2 सर्वेक्षण किए गये आंकड़ों का विश्लेषण:

5.2.1 प्रतिषिद्ध क्षेत्र और विनियमित क्षेत्र का विवरण:

(क) संस्मारकों का संरक्षित क्षेत्र 2.25 एकड़ है। (लगभग)

(ख) संस्मारकों का प्रतिषिद्ध क्षेत्र 19.77 एकड़ है। (लगभग)

(ग) संस्मारकों का विनियमित क्षेत्र 101.20 एकड़ है। (लगभग)

5.2.2 निर्मित क्षेत्र का विवरण:

<u>प्रतिषिद्ध क्षेत्र</u>:

उत्तर: इस दिशा में आवास मौजूद हैं। कुछ आवास उत्तर-पूर्व दिशा में भी मौजूद हैं।

दक्षिण: इस दिशा में आवास, दुकानें, निजी जल उपचार संयंत्र और कब्रिस्तान मौजूद हैं। आवास और दुकानें दक्षिण-पश्चिम दिशा में भी मौजूद हैं।

पूर्व: इस दिशा में आवास, दुकानें, शौचालय और कुछ टिन शेड संरचनाएं मौजूद हैं। आवास दक्षिण-पूर्व दिशा में मौजूद हैं।

पश्चिम: इस दिशा में आवास मौजूद हैं। कुछ आवास और एक मंदिर भी उत्तर-पश्चिम दिशा में मौजूद हैं।

<u>विनियमित क्षेत्र</u>:

उत्तर: इस दिशा में आवास मौजूद हैं। आवास, एक स्कूल और एक मस्जिद भी उत्तर-पूर्व दिशा में मौजूद है।

दक्षिण: इस दिशा में आवास, दुकानें, ज्ञान ज्योति स्कूल और राजमार्ग पर एक ग्रेड सेपरेशन संरचना मौजूद है। दक्षिण-पश्चिम दिशा में कुछ दुकानें और आवास भी मौजूद हैं।

पूर्व: इस दिशा में आवास, दुकानें, के.डी. जूनियर अकादमी स्कूल, टिन शेड संरचना और एसबीआई बैंक मौजूद हैं। दक्षिण-पूर्व दिशा में दुकानें और मंदिर भी मौजूद हैं।

पश्चिम: इस दिशा में आवास, झोपड़ियाँ, दुकानें, एक सरकारी स्कूल, एक मैरिज गार्डन, मंदिर और मस्जिद मौजूद हैं। कुछ आवास उत्तर-पश्चिम दिशा में भी मौजूद हैं।

5.2.3 हरित/खुले स्थानों का विवरण:

<u>प्रतिषिद्ध क्षेत्र</u>:

उत्तर: इस दिशा में खुली बंजर भूमि मौजूद है।

दक्षिण: इस दिशा में मौजूदा कब्रिस्तान के परिसर के नीचे खुली भूमि मौजूद है। इमारतों के बीच खुली भूमि के रूप में मौजूद कुछ छोटी जगहें भी इसी दिशा में मौजूद हैं।

पूर्व: इमारतों के बीच खुली भूमि के रूप में मौजूद छोटी जगहें इस दिशा में मौजूद हैं।

पश्चिम: इस दिशा में इमारतों के बीच में खुली भूमि के रूप में मौजूद छोटी जगहें मौजूद हैं।

<u>विनियमित क्षेत्र</u>:

उत्तर: इस दिशा में मौजूदा संरचनाओं के बीच में कृषि भूमि, एक तालाब और सिंचाई नहर/प्राकृतिक नाला के साथ कुछ खुली भूमि मौजूद है।

दक्षिण: इस दिशा में इमारतों के बीच में खुली भूमि के रूप में मौजूद छोटी जगहें मौजूद हैं। विनियमित क्षेत्र के बाहरी इलाके में कृषि उपयोग के तहत खुली भूमि भी मौजूद है।

पूर्व: मौजूदा संरचनाओं के बीच में खुली भूमि के रूप में खुली जगहें मौजूद हैं। इस दिशा में कृषि भूमि और सिंचाई नहर/प्राकृतिक नाला भी मौजूद है।

पश्चिम: मौजूदा संरचनाओं के बीच में खुली भूमि के रूप में खुली जगहें मौजूद हैं। उत्तर-पश्चिम दिशा में कृषि भूमि भी मौजूद है।

5.2.4 परिसंचरण के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र-सड़कें, फुटपाथ आदि:

संस्मारक के प्रतिषिद्ध और विनियमित दोनों क्षेत्रों में, कई मिट्टी/ईंट/पक्की सड़कें और गलियाँ मौजूद हैं। एक राष्ट्रीय राजमार्ग-28 पूर्व और पश्चिम दिशा में जाता है, यह दक्षिण दिशा से विनियमित क्षेत्र से भी गुजरता है। लगभग 43,623.338 वर्गमीटर भूमि सभी सड़कों के अंतर्गत आती है।

5.2.5 भवनों की मौजूदा ऊँचाई (क्षेत्रवार):

उत्तर: संरचनाओं/इमारतों की ऊँचाई जी से जी+ 3 संरचनाओं तक है, जिनकी अधिकतम ऊँचाई 12.50 मीटर (लगभग) है।

दक्षिण: संरचनाओं/इमारतों की ऊँचाई जी से जी+4 संरचनाओं तक है, जिनकी अधिकतम ऊँचाई 15 मीटर (लगभग) है।

पूर्व: संरचनाओं/इमारतों की ऊँचाई जी से जी+ 2 संरचनाओं तक है, जिनकी अधिकतम ऊँचाई 10 मीटर (लगभग) है।

पश्चिम: संरचनाओं/भवनों की ऊँचाई जी से जी+ 3 संरचनाओं तक है, जिनकी अधिकतम ऊँचाई 12.50 मीटर (लगभग) है।

5.2.6 प्रतिषिद्ध/विनियमित क्षेत्र के भीतर राज्य संरक्षित संस्मारक और स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा सूचीबद्ध धरोहर भवन, यदि उपलब्ध हों:

संस्मारक के प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र में कोई राज्य संरक्षित संस्मारक या अन्य धरोहर भवन मौजूद नहीं हैं।

5.2.7 सार्वजनिक सुविधाएँ:

केवल संरक्षण सूचना बोर्ड उपलब्ध है।

5.2.8 संस्मारक तक जाने की सुगमता:

संस्मारक तक दक्षिण में मौजूद ईंट की सड़क से इसके प्रवेश स्थल तक पहुँचा जा सकता है। यही सड़क 91 मीटर की दूरी तक फैली हुई है और एक अन्य पक्की सड़क से जुड़ती है जो 350 मीटर की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग तक जाती है।

5.2.9 अवसरंचनात्मक सेवाएँ (जल आपूर्ति, वर्षा जल निकासी, सीवेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पार्किंग आदि):

कोई अवसरंचनात्मक सेवाएँ उपलब्ध नहीं हैं।

5.2.10 क्षेत्र का प्रस्तावित क्षेत्रीकरण:

किसी भी मौजूदा स्थानीय प्राधिकरण द्वारा कोई विकास योजना तैयार नहीं की गई है और न ही सार्वजनिक कार्य-क्षेत्र में उपलब्ध है, इसलिए वर्तमान में कोई ज़ोनिंग प्रस्तावित नहीं है।

अध्याय VI

संस्मारक का वास्तुकला, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व

6.1 वास्तुकला, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व:

संस्मारक एक उत्खनित स्थल है, जिसमें केवल ईंट संरचनाओं की नींव के साक्ष्य पाए जाते हैं।

यह टीला, जिसके दो अलग-अलग चरण हैं-5वीं से 6वीं शताब्दी ई.पू. और लगभग 1300 से 1500 ई.पू. तक-महत्वपूर्ण वास्तुकला महत्व रखता है। इसकी संरचना में प्रवेश द्वार और जल निकासी छिद्र के साथ 1.5 मीटर चौड़ी ईंट की दीवार है, साथ ही 18.80 मीटर गुणा 14.40 मीटर का एक मंदिर है, जो उस समय की उन्नत निर्माण तकनीकों का संकेत देता है।

ऐतिहासिक रूप से, इस स्थल की पहचान ब्राह्मणवादी अग्रहार बस्ती के रूप में की जाती है, जो श्रेष्ठिग्राम (आधुनिक साथियान) की बड़ी बस्ती से जुड़ी हुई है। 5वीं शताब्दी ई. से उत्कीर्ण टेराकोटा सीलिंग से उस अवधि की धार्मिक और सामाजिक प्रथाओं के बारे में जानकारी मिलती है, जो ब्राह्मणवादी संस्कृति के केंद्र के रूप में क्षेत्र की भूमिका को दर्शाती है।

पुरातात्विक रूप से, टीले के अवशेष, जिसमें यज्ञ समारोहों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले बलि गड्ढे (कुंड) के साथ गोलाकार चबूतरा शामिल है, अनुष्ठान प्रथाओं और सामुदायिक जीवन के मूल्यवान साक्ष्य मिलते हैं। गड्ढे के भीतर पाए गए अग्नि और मन्नत के संकेत इसके ऐतिहासिक निवासियों के धार्मिक रीति-रिवाजों और दैनिक गतिविधियों को समझने में स्थल के महत्व को और अधिक रेखांकित करते हैं। कुल मिलाकर, संस्मारक क्षेत्र के समृद्ध सांस्कृतिक परिदृश्य और विरासत का एक जीता-जागता साक्ष्य है।

6.2 संस्मारकों की संवेदनशीलता (जैसे विकासात्मक दबाव, शहरीकरण, जनसंख्या दबाव, आदि):

यह टीला पूरे प्रतिषिद्ध क्षेत्र और विनियमित क्षेत्र के उत्तर-पश्चिम, दक्षिण, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम दिशाओं में मौजूद आधुनिक/उप-शहरी निर्माणों से घिरा हुआ है। जबकि उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण दिशा के बाहरी इलाकों में कृषि भूमि, बंजर भूमि या बिना निर्माण वाली भूमि के रूप में खुले स्थान मौजूद हैं। गांव के इलाके में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण, मौजूदा इमारतों के बीच खुले स्थान और अन्य बिना निर्माण वाली भूमि निर्माण और विकास गतिविधियों के माध्यम से अतिक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील हो गई है।

ये स्वरूप घनी आबादी वाले क्षेत्रों और मजार के सांस्कृतिक महत्व के कारण संस्मारक द्वारा सामना किए जाने वाले विकासात्मक दबावों और शहरीकरण चुनौतियों को उजागर करते हैं

6.3 संरक्षित संस्मारक या क्षेत्र से दृश्यता और विनियमित क्षेत्र से दृश्यता:

संरक्षित संस्मारक से: केवल निर्मित संरचनाएं दिखाई देती हैं। पूर्व की ओर, कुछ खुले भूखंड दिखाई देते हैं और संस्मारक की दक्षिणी दिशा में एक कब्रिस्तान दिखाई देता है।

विनियमित क्षेत्र से संस्मारक की ओर: संरक्षित संस्मारक केवल उत्तर-पूर्व दिशा से आंशिक रूप से दिखाई देता है। मौजूदा संरचनाओं के कारण शेष दिशाओं से इसकी दृश्यता पूरी तरह से समाप्त हो जाती है।

6.4 पहचान किया जाने वाला भूमि-उपयोग:

मौजूदा भूमि का उपयोग आवासीय और व्यावसायिक प्रकार का है। इसके अलावा, कई सार्वजनिक और धार्मिक संरचनाएँ मौजूद हैं। भूमि के कुछ हिस्सों का उपयोग कृषि उद्देश्यों के लिए भी किया जा रहा है।

6.5 संरक्षित संस्मारक के अलावा पुरातात्विक धरोहर के अवशेष:

संस्मारक के प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र में अभी तक कोई पुरातात्विक विरासत के अवशेष नहीं मिले हैं।

6.6 सांस्कृतिक परिदृश्य:

मूल रूप से 5वीं से 6वीं शताब्दी ई.पू. के समय के इस संस्मारक की पहचान ब्राह्मणवादी अग्रहार बस्ती के रूप में की गई है। हालाँकि, वर्तमान संदर्भ में, इस क्षेत्र में कोई भी संबंधित गतिविधियाँ नहीं होती हैं। कार्य-स्थल की मुख्य विशेषताओं में 1.5 मीटर चौड़ा ईंट का घेरा, एक मंदिर संरचना और एक बलि गड्ढे वाला एक गोलाकार चबूतरा शामिल है, जो सभी ब्राह्मणवादी संस्कृति और समृद्ध सांस्कृतिक परिदृश्य को दर्शाते हैं।

6.7 महत्वपूर्ण प्राकृतिक परिदृश्य जो सांस्कृतिक परिदृश्य का हिस्सा बनते हैं और स्मारकों को पर्यावरण प्रदूषण से बचाने में भी मदद करते हैं:

प्रतिबंधित क्षेत्र की उत्तर-पूर्व दिशा में और विनियमित क्षेत्र के उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण दिशा के बाहरी इलाके में मौजूद कृषि भूमि संस्मारक के प्राकृतिक परिदृश्य का हिस्सा है।

6.8 खुली जगह और निर्माण का उपयोग:

प्रतिषिद्ध क्षेत्र की दक्षिण दिशा में खुली जगह का उपयोग कब्रिस्तान के रूप में किया जाता है और यह इमारतों के बीच भूमि के अनिर्मित टुकड़ों का रूप है। विनियमित क्षेत्र में, खुली जगहें ज्यादातर कृषि उपयोग के तहत खुली भूमि के रूप में हैं। निर्माण का उपयोग मुख्य रूप से आवासीय और वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

6.9 परंपरागत, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ:

कभी-कभार होने वाले कार्यक्रम मजार (संरक्षित सीमा के अंदर स्थित) के भीतर होते हैं, जो आमतौर पर धार्मिक गतिविधियों के साथ जुड़े होते हैं।

6.10 संस्मारकों और विनियमित क्षेत्रों से दिखाई देने वाला क्षितिज:

प्रतिषिद्ध क्षेत्र की उत्तर-पूर्व और दक्षिण दिशाएँ और विनियमित क्षेत्र की उत्तर, पूर्व और पश्चिम दिशाएँ, टीले का ऊपरी हिस्सा आसपास के क्षेत्र की तुलना में क्षितिज में दिखाई देता है।

6.11 पारंपरिक वास्तुकला:

प्रतिषिद्ध क्षेत्र के भीतर दक्षिण दिशा की ओर कुछ पुराने घर मौजूद हैं। प्रतिषिद्ध क्षेत्र की पूर्व दिशा में तथा विनियमित क्षेत्र की पश्चिम दिशा में गांव की झोपड़ियाँ मौजूद हैं।

6.12 स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा यथा उपलब्ध विकासात्मक योजना:

किसी भी मौजूदा स्थानीय प्राधिकरण द्वारा कोई विकास योजना तैयार नहीं की गई है या सार्वजनिक कार्य-स्थल में उपलब्ध नहीं कराई गई है।

6.13 भवन संबंधी मापदंड:

6.13.1 <u>मरम्मत और नवीनीकरण (प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र में):</u>

आंतरिक परिवर्तन और अनुकूली पुन: उपयोग की आम तौर पर अनुमति दी जा सकती है। हालाँकि, बाहरी परिवर्तन सक्षम प्राधिकारी द्वारा विस्तृत जाँच के अधीन होंगे। ऐसे परिवर्तन जिनमें रेट्रोफिटिंग/नवीनीकरण शामिल है, की अनुमति तब दी जा सकती है जब इमारत संरचनात्मक रूप से कमज़ोर या असुरक्षित हो या जब उस पर किसी प्राकृतिक आपदा का प्रतिकूल प्रभाव पड़ा हो और नवीनीकरण अत्यंत आवश्यक हो। मूल भवन शब्दावली और लेआउट के साथ-साथ निर्मित-खुले संबंधों का पालन किया जाना चाहिए। सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति के अधीन, इमारतों की सामान्य मरम्मत और रखरखाव की अनुमति होगी।

भवन/संरचनाओं में मरम्मत और नवीनीकरण संरक्षित संस्मारक और उसके आस-पास के क्षेत्रों की विरासत की विशेषताओं के अनुरूप और उससे मेल खाता होना चाहिए। एल्युमिनियम कम्पोजिट पैनल (एसीपी), हाई प्रेशर लैमिनेट्स (एचपीएल), लैमिनेट्स, टाइलिंग या ग्लेज़िंग जैसी नई क्लैडिंग सामग्री की अनुमति नहीं दी जाएगी। मरम्मत और नवीनीकरण कार्यों को करने में स्थानीय रूप से उपलब्ध निर्माण सामग्री के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

6.13.2 <u>पुनर्निर्माण</u>:

पुनर्निर्माण को एएमएएसआर अधिनियम, 1958, यथा संशोधित, की धारा 2(त) में परिभाषित किया गया है। विनियमित क्षेत्र में पुनर्निर्माण की अनुमति एएमएएसआर अधिनियम, 1958, यथा संशोधित, की धारा 20ग(2) और एएमएएसआर (विरासत उपनियमों का निर्धारण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम, 2011 के नियम 6(IV) और नियम 7 के अनुसार दी जाती है। किसी संरक्षित संस्मारक या संरक्षित क्षेत्र के प्रतिषिद्ध या विनियमित क्षेत्र में स्थित किसी भी प्रकार के भवन या सरंचना, जो प्राकृतिक आपदाओं से ध्वस्त या क्षतिग्रस्त हो गयी है, और जिसकी मरम्मत नहीं की जा सकती है, के मामले में पुनर्निर्माण की अनुमति एएमएएसआर (विरासत उपनियमों का निर्धारण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम, 2011 के नियम 16 के अनुसार दी जाती है। पुनर्निर्माण के मामले में पुरानी इमारत के प्रतिस्थापन के रूप में नई संरचना या इमारत को पहले से मौजूद संरचना के अनुसार उसी क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर सीमाओं का पालन करना होगा।

अग्रभाग में असंगत सामग्री जैसे ग्लेज़िंग, मेटल क्लैडिंग, एल्युमीनियम कम्पोजिट पैनल (एसीपी), हाई प्रेशर लैमिनेट्स (एचपीएल), टाइल्स, लैमिनेट्स के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। नई संरचना संरक्षित संस्मारक के धरोहर क्षेत्र और उसके आसपास के क्षेत्र के साथ मेल खाती और उसके अनुरूप होनी चाहिए।

6.13.3 <u>नया निर्माण</u>:

6.13.3.क प्रतिषिद्ध क्षेत्र:

एएमएएसआर अधिनियम, 1958, यथा संशोधित, की धारा 20क(4) के अनुसार, संरक्षित संस्मारक के प्रतिषिद्ध क्षेत्र में किसी भी नए निर्माण, जिसमें जनता के लिए आवश्यक कोई सार्वजनिक कार्य या परियोजना या अन्य निर्माण शामिल है, की अनुमति नहीं दी जाएगी।

6.13.3.ख विनियमित क्षेत्र:

विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008, 2016 में संशोधित (खण्ड 1.1.1, 1.1.2, तथा 1.2.1) में निर्दिष्ट सभी विकास नियंत्रण मानदंड तथा भवन विनियम, जो "उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973" के अन्तर्गत परिभाषित हैं, यथा संशोधित लागू होंगे। हालाँकि, इस दस्तावेज में निर्दिष्ट ऊँचाई तथा अन्य मापदण्ड संरक्षित संस्मारक के विनियमित क्षेत्र में लागू होंगे।

संरक्षित संस्मारक के विनियमित क्षेत्र में आने वाली कृषि भूमि में केवल कृषि तथा कृषि से संबंधित निर्माण की अनुमति होगी।

1. कार्य-स्थल पर नए निर्माण की ऊंचाई (जिसमें ममटी, पैरापेट, जल भंडारण टैंक, मशीन रूम, एचवीएसी यूनिट, सोलर पैनल, वर्षा जल संचयन प्रणाली, छत पर बने बगीचे की पेंटहाउस संरचना आदि शामिल हैं) या छत पर कोई अन्य सेवाएं:

नए निर्माण या मौजूदा इमारतों में परिवर्धन/परिवर्तन के लिए अधिकतम ऊंचाई सीमा **15.00 मीटर** (जिसमें ममटी, पैरापेट, जल भंडारण टैंक, मशीन रूम, जनरेटर रूम, एचवीएसी यूनिट, सोलर पैनल, वर्षा जल संचयन प्रणाली, छत पर बने बगीचे की पेंटहाउस संरचना आदि शामिल हैं) या छत पर कोई अन्य सेवाएं शामिल हैं, से अधिक नहीं होनी चाहिए।

संरक्षित संस्मारक की संरचना, सुरक्षा पर किसी भी प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए तलघर के निर्माण की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

2. उपयोग:

(i) किसी भी मौजूदा स्थानीय प्राधिकरण द्वारा कोई भूमि उपयोग निर्दिष्ट नहीं किया गया है।

(ii) वर्तमान भूमि उपयोग को यथासंभव बनाए रखा जा सकता है।

3. अग्रभाग डिजाइन:

(i) निर्माण का अग्रभाग डिजाइन न्यूनतम होना चाहिए, ताकि यह संस्मारक और आसपास के क्षेत्र के समग्र विरासत स्वरूप पर हावी न हो। अग्रभाग डिजाइन सूक्ष्म, प्लास्टर किया हुआ और मिट्टी के रंगों (सफेद, ग्रे, बेज, भूरा आदि) में चित्रित होना चाहिए।

(ii) विनियमित क्षेत्र के भीतर स्थित सभी भवनों के लिए दुकानों और आवासों के मनमाने विस्तार को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।

(iii) सभी ऐतिहासिक इमारतों, दुकानों के घरों के अग्रभागों को मूल डिजाइन (ब्रैकेट, छज्जा, मेहराबदार दरवाजे, खिड़कियां आदि की श्रृंखला) के अनुसार बनाए रखा जाना चाहिए।

(iv) प्लंबिंग और बिजली की सेवाएं व्यवस्थित होनी चाहिए और इमारत के बाहरी हिस्से में नहीं होनी चाहिए।

4. छत डिजाइन:

(i) क्षेत्र में सपाट छत डिजाइन का पालन किया जा सकता है।

(ii) भवन की छत पर एल्युमीनियम, फाइबर ग्लास, पॉलीकार्बोनेट या इसी तरह की सामग्री का उपयोग करके अस्थायी प्रकृति की संरचनाओं का निर्माण हतोत्साहित किया जाना चाहिए।

(iii) सभी सेवाएँ जैसे कि बड़ी एयर कंडीशनिंग इकाइयाँ, छत पर पानी के भंडारण टैंक या छत पर रखे बड़े जनरेटर सेट जिन्हें स्क्रीन दीवारों (ईंट/सीमेंट शीट, लौवर, जालियाँ या ऐसे अन्य डिज़ाइन तत्व) का उपयोग करके बंद किया जाना चाहिए। इन सभी सेवाओं को अधिकतम स्वीकार्य ऊँचाई में शामिल किया जाना चाहिए।

5. निर्माण सामग्री:

संस्मारक के सभी सड़क के अग्रभागों पर निर्माण सामग्री और रंग में एकरूपता बनाए रखी जा सकती है। बाहरी परिसज्जा के लिए आधुनिक निर्माण सामग्री जैसे कि एल्युमीनियम क्लैडिंग, ग्लास ईंटें और कोई अन्य सिंथेटिक टाइल या सामग्री को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। ईंट और पत्थर जैसी पारंपरिक निर्माण सामग्री का उपयोग किया जाना चाहिए।

6. रंग:

बाहरी रंग संरक्षित संस्मारक के साथ सामंजस्य में तटस्थ रंग का होना चाहिए जैसे कि बफ सैंडस्टोन रंग, सफेद, बेज और अन्य मिट्टी के रंग जो संरक्षित संस्मारक और उसके आस-पास के वातावरण के साथ बिलकुल बेमेल न हों।

7. अन्य विनियम:

मेट्रो (भूमिगत या ओवरहेड), फुट-ओवर ब्रिज, फ्लाईओवर, बहु-स्तरीय पार्किंग या ऐसी किसी भी परियोजना जैसे किसी भी बड़े पैमाने पर सार्वजनिक अवसंरचना परियोजना के निर्माण का प्रस्ताव एक विस्तृत विरासत प्रभाव आकलन रिपोर्ट के अधीन होगा।

6.14 आगंतुक सुविधाएँ और सुख-साधन:

संरक्षित संस्मारक के आस-पास आगंतुकों की सुविधाओं और साधन पर व्यवहार्यता के अनुसार विचार किया जा सकता है।

अध्याय VII

स्थल विशिष्ट सिफ़ारिशें

7.1 स्थल विशिष्ट सिफ़ारिशें:

(i) संरक्षित संस्मारक या उसके आस-पास के क्षेत्रों में एलईडी या डिजिटल संकेतक, प्लास्टिक फाइबर ग्लास या किसी अन्य अत्यधिक परावर्तक सिंथेटिक सामग्री का उपयोग संकेतकों के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

(ii) संरक्षित संस्मारक के पास, विशेष रूप से संस्मारक की सीमाओं पर होर्डिंग, बिलबोर्ड और पोस्टर के रूप में किसी भी विज्ञापन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

(iii) संरक्षित संस्मारक की परिधि से सटे भवनों में किसी भी मरम्मत और नवीनीकरण की सावधानीपूर्वक निगरानी की जानी चाहिए ताकि इसका संरक्षित संस्मारक की संरचनात्मक मजबूती पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

(iv) विनियमित क्षेत्र के भीतर टेलीफोन एक्सचेंज, मोबाइल टावर, बिजली ट्रांसमिशन टावर, चिमनी और ओवरहेड पानी की टंकियों को जहां तक हो सके, न लगाया जाये, और इन्हें विनियमित क्षेत्र से बाहर लगाए जाने पर विचार किया जा सकता है।

(v) संरक्षित संस्मारक के आसपास के क्षेत्र में आवागमन के लिए पर्यावरण अनुकूल वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा सकता है, ताकि वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन और कंपन के कारण संस्मारक पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सके।

(vi) वर्षा जल संचयन जैसी सर्वोत्तम प्रथाओं सहित हरित भवनों के निर्माण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

7.2 अन्य सिफारिशें:

(i) मास्टर प्लान तैयार होने पर उसमें राष्ट्रीय महत्व के सभी संरक्षित स्मारकों और इन संरक्षित स्मारकों के आसपास के प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए।

(ii) संरक्षित संस्मारक के आसपास मौजूदा शहरीकरण से प्रतिरोधक के रूप में संरक्षित संस्मारक की आधुनिक सीमा के साथ अधिक देशी/स्थानीय घने पेड़ लगाए जाने चाहिए।

(iii) वर्तमान में, स्थानीय अधिकारियों द्वारा कोई भूमि उपयोग योजना/मास्टर प्लान/ज़ोनिंग विनियम आदि तैयार नहीं किए गए हैं। इसलिए, ऐसी योजनाएँ तैयार करते समय, इस धरोहर उप-विधि के प्रावधानों, जब भी वे तैयार किए जाएँ, को स्थानीय भवन उप-कानूनों पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

(iv) क्षेत्र को प्लास्टिक और पॉलीथीन मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाना चाहिए।

(v) सांस्कृतिक विरासत स्थलों और परिक्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशानिर्देश https://nidm.gov.in/PDF/pubs/NDMA/20.pdf पर देखे जा सकते हैं।

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CULTURE
NATIONAL MONUMENTS AUTHORITY

In exercise of the powers conferred by section 20E of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958, as amended, read with Rule (22) of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains (Framing of Heritage Bye-laws and Other Functions of the Competent Authority) Rule, 2011, the following Heritage Bye-laws for the Protected Monument **"Ancient Site known as Fazilnagar Ka Kot comprised in survey plot Nos 766, 782 and part of survey plot Nos 757, 758 and 759, District-Kushinagar, Uttar Pradesh"** prepared by the Competent Authority and in consultation with IIT (BHU), Varanasi were hereby published on 01.10.2020 as required by Rule 18, sub-rule (2) of the National Monuments Authority (Conditions of Service of Chairman and Members of Authority and Conduct of Business) Rules, 2011, for inviting objections or suggestions from the public;

The objections/suggestions, received before the specified date, have duly been considered by the National Monuments Authority in consultation with the Authority.

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (5) of the Section 20 E of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958, as amended, the National Monuments Authority, hereby makes the following bye-laws, namely:-

"Heritage Bye-Laws for Ancient Site known as Fazilnagar Ka Kot comprised in survey plot Nos 766, 782 and part of survey plot Nos 757, 758 and 759, District-Kushinagar, Uttar Pradesh"

CHAPTER I

PRELIMINARY

1.1 Short title, extent and commencements:

(i) These bye-laws may be called the National Monuments Authority Heritage Bye-laws 2024 of Protected Monument **"Ancient Site known as Fazilnagar Ka Kot comprised in survey plot Nos 766, 782 and part of survey plot Nos 757, 758 and 759, District-Kushinagar, Uttar Pradesh".**

(ii) They shall extend to the entire prohibited and regulated area of the monuments.

(iii) The provisions of these bye-laws shall have effect notwithstanding anything inconsistent therewith contained in any other bye-laws, whether made before or after the commencement of these bye-laws, or in any instrument having effect by virtue of any bye-laws. It shall not be obligatory to carry out amendments in these bye-laws to make them consistent with any other bye-laws.

(iv) They shall come into force with effect from the date of their publication.

1.2 Definitions:

1. In these bye-laws, unless the context otherwise requires:-

